## जलकुंभी का लगा अंबार



सागर। लाखा बंजारा झील में साफ-सफाई न होने से जलकुंभी का अंबार लगा हुआ है। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस भी मनाया गया है। लेकिन झील भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

खास-खबरें

# शैलेष केशरवानी की स्व. मां सरोजनी देवी केशरवानी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**सागर।** सागर पहुंचे भारतीय सिनेमा जगत के मशहूर फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सीरोठिया के साथ राम सरोज समूह की मातृशक्ति सरोजनी देवी केसरवानी के निधन उपरांत उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# ब्रह्मलीन उषा सोहाने का मनाया 80वीं जन्मदिन



**सागर।** उशांकर चैरिटेबल एण्ड एज्युकेशनल ट्रस्ट द्वारा अनवरत किये जाने वाले जनकल्याणकारी कार्य उशांकर चैरिटेबल एण्ड एज्युकेशनल ट्रस्ट मुख्य शाखा सागर, जो विगत 03 वर्षों से अनवरत शिक्षा एवं जनकल्याण के कार्यों में लगा हुआ है। इन्हीं जनकल्याण एवं शैक्षणिक कार्यों के अंतर्गत ट्रस्ट की आत्मा एवं मूल धारा ब्रह्मलीन उषा सोहाने के 80वाँ जन्मदिवस पर 02 एवं 03 जून 2024 को पुणे महाराष्ट्र सहित म.प्र. के कई जिलों भोपाल, कटनी, जबलपुर, सागर, शहडोल के अनाथालय, दिव्यांग आश्रम में कार्यक्रम आयोजित किये जाकर 800 से अधिक व्यक्तियों को भोजन कराया जाकर प्रत्येक स्थान पर आवश्यकतानुसार भोजन सामग्री का वितरण, बच्चों की आवश्यक वस्तुएं, गर्मी से बचने के लिए गमछे, महिलाओं को पेटीकोट, स्टील के गिलास, ड्रांइग कॉपी, पेन, पेंसिल आदि सामग्री का वितरण किया गया। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि फरवरी 2022 में उषांकर चैरिटेबल एण्ड एज्युकेशनल ट्रस्ट द्वारा जिस वाटर कूलर की श्रृंखला आरंभ की गई थी, उसी श्रृंखला अंतर्गत 10 नंबर का वाटर कूलर आँचल विकलांग पुनर्वास केन्द्र में स्थापित कराया गया। सभी कार्यक्रमों के आयोजन की मुख्य बात यह रही कि ट्रस्ट की अध्यक्ष सुश्री सविता सोहाने, जो भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी हैं, के द्वारा अपने पदेन कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहडोल के कार्यक्रम में उपस्थित रहीं, शेष सभी कार्यक्रम ट्रस्ट के ट्रस्टीज जो एक माला के रूप में अत्यन्त अनुशासितबद्ध होकर सदस्यों के सहयोग से कार्य संपादित हुए, उसमें मुख्यतः सागर के जाने-माने उद्योगपति संजय डेंगरे, अग्रणी समाजसेवी सुरेश मोहनानी, सदस्य सुनील मनवानी, दीपेश राजपूत, अनिल गौतम, कार्तिक विश्वकर्मा, भोपाल के कार्यक्रम में सदस्य पियूष गुप्ता, नीरज संसिया, दीपा खरे, सुनीता सिंह, राखी झा, अनिल गार्गव, जबलपुर से ट्रस्टी तृप्ति बरसैंया, सदस्य संदीप बरसैंया, संजय प्यासी, डॉ. अरूण सरावगी, इंजीनियर अरूण खर्द, विजय सोहाने, एवं आर.जी ददरिया, जिला कटनी से ट्रस्टी सरिता गुप्ता सदस्य डीई राकेश गुप्ता, इंजीनियर योगेश पटेल, व्यवसायी इजराइल, पुणे से ट्रस्टी सीए सिम्पल सेठ, इंजीनियर सुरेन्द्र सेठ, शहडोल से उद्योगपति एवं राजकुमार खरया, उद्योगपति मनोज गुप्ता, जानी-मानी हस्ती उर्मिला कटारे, अजीत, दिलीप, रवि, राम सिंह, कृष्णपाल, नागेन्द्र, अमीर हमजा, अनिल सिंह, धनराज के सहयोगसे कार्यक्रम संपादित हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समस्त ट्रस्टी द्वारा सभी सक्रिय सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया एवं आमजन से ट्रस्ट के द्वारा जनकल्याण के कार्यक्रमों में जनहित में सेवाभाव से जुड़ने की अपील की गई। उल्लेखनीय है कि उषांकर चैरिटेबल एण्ड एज्युकेशनल ट्रस्ट मुख्यतः दिव्यांगों, अनाथों जरूरतमंद, नि:शक्तों, वृद्धों एवं शैक्षणिक जगत में बच्चों के हित में विशेष सक्रिय होकर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की विद्यालयीन शिक्षण शुल्क एवं नि:शुल्क कोचिंग भी ग्वालियर व सागर में संचालित की जा रही हैं, जहां आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सेमिनार का आयोजन



**सागर।** आंगनवाड़ी कार्यक्रताओं द्वारा उनके केंद्रों में बच्चों के साथ अनौपचारिक शिक्षण में थीम आधारित कार्य किया जा रहा है। आज अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला संस्थान में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रयास से 'पहल -एक बेहतर बचपन की' सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें चयनित आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अनौचारिक शिक्षा में किये काम को लेकर अपने अनुभव पेपर के माध्यम से प्रस्तुत किये गये। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी विजय जैन, सोनम नामदेव, साधना खटीक, स्वाति जैन एवं समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। सेमिनार में विकासखण्ड से आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया।

### भाजपा की एतिहासिक विजय पर पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने जनता व कार्यकर्ताओं का आभार जताया

# कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ, परिश्रम के साथ संकल्प पत्र को पूरा करेंगे: पूर्वमंत्री सिंह

सागर



लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की पूर्ण बहुमत से जीत पर पूर्व गृहमंत्रीए वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मतदाताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोककल्याण के कार्यों और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा उनकी नीतियों के सफल क्रियान्वयन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के कुशल नेतृत्व से प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा को ऐतिहासिक विजय मिली और प्रदेश से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा के संकल्प पत्र पर लगातार तीसरी बार भरोसा जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक स्तर पर अपनी सामर्थ्य और आर्थिक शक्ति का लोहा मनवाया है। देश की प्रगति की यह यात्रा मोदी जी के नेतृत्व में फिर जारी रहेगी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के नेतृत्व में जनता के समक्ष संकल्प पत्र में किए गए सभी संकल्पों को पूरा किया जाएगा। सिंह ने लोकसभा चुनाव में ग्वालियर चंबल क्लस्टर प्रभारी के रूप में अपने प्रभार की सभी चारों लोकसभा सीटों और गृह जिले सागर की लोकसभा सीट पर हुई भाजपा प्रत्याशी डॉ. लता वानखेड़े की रिकार्ड जीत के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

चुनाव नतीजों में देशए प्रदेश व सागर में भाजपा की विजय सुनिश्चित होने पर पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने अपने बामोरा स्थित कार्यालय में भाजपा नेताओंए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मिष्ठान खिला कर विजय का उल्लास मनाया। मतगणना स्थल व जिले भर से सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह से मिल कर उन्हें बधाई देने पहुंचते रहे। उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में 166 सीटों के साथ सरकार बनाने के बाद भाजपा ने लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीट जीत कर कांग्रेस को प्रदेश में पूरी तरह खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादवए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा व भाजपा के सभी शीर्ष नेताओं के नेतृत्व में परिश्रम करके संकल्प पत्र को पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य करेंगे।

पूर्व गृहमंत्रीए खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मतगणना स्थल परिसर पहुंच कर एतिहासिक विजय पर भाजपा प्रत्याशी डॉ. लता वानखेड़े को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर निवर्तमान सांसद राजबहादुर सिंहए महापौर प्रतिनिधि डा सुशील तिवारीए भाजपा नेता नवीन भट्ट सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंत्री गोविंद राजपूत के मैनेजमेंट का चला जादू, सागर लोकसभा सीट से प्रचंड बहुमत से भाजपा प्रत्याशी की हुई जीत

सागर



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की दूरदर्शिता और राजनीतिक अनुभव तथा उनका मैनेजमेंट इस लोकसभा चुनाव में हुई भाजपा प्रत्याशी डॉ लता वानखेड़े की भारी मतों से जीत से बयां हो रहा है। सुरखी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ लता वानखेड़े को सबसे अधिक मत प्राप्त हुए हैं। जो इस लोकसभा चुनाव की जीत में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आंकड़ों की अगर बात करें तो लोकसभा क्षेत्र में सार्वधिक सुरखी विधानसभा क्षेत्र से लगभग 1 लाख से अधिक मत भाजपा प्रत्याशी डॉ लता वानखेड़े को प्राप्त हुए हैं। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने लगातार जनसभाएं की हैं साथ ही पूरे लोकसभा क्षेत्र में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े के लिए जनसभाएं करके जनता का आशीर्वाद लिया। मतगणना की शुरुआत से ही भाजपा प्रत्याशी अपनी बढ़त बनाए रहीं। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.डी.शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुन: एनडीए की सरकार बन रही है तथा एक बार फिर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन रहे हैं। मध्यप्रदेश में 29 की 29 सीटों पर भाजपा को विजयश्री मिली है। राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सागर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी की प्रचंड बहुमत से विजय में अहम भूमिका सुरखी के मतदाताओं की है जिन्होंने सागर लोकसभा में सर्वाधिक भाजपा प्रत्याशी को मतदान करके प्रचंड बहुमत से विजय दिलाई है। राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र तथा समस्त सागर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

**बैठक** नवागत निगमायुक्त सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में बैठक ली

# समग्र विकास में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का बड़ा महत्व है : खत्री

सागर




आयुक्त नगर पालिक निगम सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड श्री राजकुमार खत्री ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त करने के बाद सागर शहर में स्मार्ट सिटीज मिशन अंतर्गत सागर स्मार्ट सिटी द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जानकारी लेते हुए कहा की किसी भी शहर के समग्र विकास में इंफ्रास्ट्रक्चर का बड़ा महत्त्व होता है और स्मार्ट सिटी की परिकल्पना में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर शहर के नागरिकों को उच्च जीवन गुणवत्ता प्रदान करना प्रमुख है। सागर स्मार्ट सिटी द्वारा एलिवेटेड कॉरिडोर, सर्वसुविधायुक्त पार्क, पर्याप्त प्रकास व्यवस्था सहित चौड़ी सड़कों का निर्माण, बस टर्मिनल, ट्रांसपोर्ट नगर एवं मैकेनिक्स कॉम्प्लेक्स निर्माण आदि इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने वाले कार्य किये जा रहे हैं।स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं का प्रत्येक पात्र नागरिक को लाभ हो इसे ध्यान में रखते हुए कार्यों का क्रियान्वयन करें। उन्होंने इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से इंटीग्रेट ई-गवर्नेंस नागरिक सेवाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए की कचरा कलेक्शन वाहनों की 24*7 मॉनिटरिंग के साथ ही शहर के विभिन्न स्थलों पर कचरा फेकने वालों को कैमरों की मदद से चिन्हित करें और उन्हें समझाइश दें। पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से स्वच्छता हेतु नागरिकों को जागरूक करें। गीला-सूखा, इलेक्ट्रिक, मेडिकल वेस्ट आदि सभी प्रकार का कचरा अलग-अलग करके कचरा कलेक्शन गाड़ी में देने हेतु प्रेरित करें। बार-बार कचरा रोड या अन्य स्थल पर फेकने का कृत्य करने वालों पर नगर निगम के माध्यम से कार्यवाही भी कराएं। नगर निगम और स्मार्ट सिटी की टीम एक साथ मिलकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए कार्य करे। सभी नागरिक सेवाओं का लाभ स्थानीय लोगों को मिले, इसके लिए नागरिकों को भी जागरूक बनाकर अपने साथ जोड़ें और सभी के सहयोग से शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाएं। शहर की ऐतिहासिक धरोहरों और स्थलों को भी स्वच्छ सुंदर बनाते हुए सहेजकर पुन:उपयोगी बनाने का कार्य करें। बैठक के दौरान उपायुक्त नगर निगम एस एस बघेल, स्मार्ट सिटी ईई पूरन लाल अहिरवार, कम्पनी सचिव रजत गुप्ता, सीएफओ हेमलता पटेल, आकांक्षा जुनेजा, जेएओ हर्ष केशरवानी, प्रशासनिक अधिकारी अनिल शर्मा, नगर निगम से आनंद मंगल गुरु, राजेश सिंह संजय तिवारी सहित स्मार्ट सिटी और पीएमसी के समस्त अधिकारी इंजीनियर आदि उपस्थित रहे।